भारत सरकार
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1968**
03.07.2019 को उत्तर देने के लिए

**संवहनीय विकास लक्ष्य**

1968. श्री जी.एम. सिद्देश्वरा:

क्या सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयनमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या संयुक्त राष्ट्र संवहनीय विकास लक्ष्यों का एक मुख्य उद्देश्य विश्व से 2030 तक गरीबी का उन्मूलन करना है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या संयुक्त राष्ट्र के संवहनीय विकास लक्ष्यों के उद्देश्यों के अनुसार सरकार भी भारत से 2030 तक गरीबी उन्मूलन के लिए एक कार्य-योजना पर कार्यकर रही है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) क्या राज्य कार्य-योजना में सहायता करने के लिए आवश्यक सहयोग प्रदान कर रहे हैं तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;?

**उत्तर**

**सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा योजना मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (राव इंद्रजीत सिंह)**

(क): संवहनीय विकास लक्ष्य (एसडीजी) में, वर्ष 2030 तक अत्यधिक निर्धनता का उन्मूलन करने का एक वैश्विक करार है । इसके 17 संवहनीय विकास लक्ष्य तथा 169 संबद्ध टारगेट हैं तथा संवहनीय विकास लक्ष्य- का पहला लक्ष्य ''गरीबी का हर रूप में हर जगह से उन्मूलन करने'' से संबंधित है ।
(ख): सरकार लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली, राष्ट्रीय ग्रामीण पेय जल कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, सौभाग्य, मनरेगा, आदि जैसी अनेक केंद्रीय प्रायोजित/केंद्रीय क्षेत्रक स्कीमों के माध्यम से वर्ष 2030 तक गरीबी का उन्मूलन करने की दिशा में कार्य कर रही है ।
(ग): प्रासंगिक केंद्रीय प्रायोजित स्कीमों को स्कीम दिशा-निर्देशों के अनुसार केंद्रीय सरकार की वित्तीय और तकनीकी सहायता से राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है । कार्यान्वयन की प्रगति की निगरानी केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा संयुक्त रूप से की जाती है ।

****